<u>समाचार</u>

# आयुक्त पहुंचे गोकुलनगर गोठान, किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की सतत दुरूस्तगी के दिए निर्देश




कोरबा 16 सितम्बर 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के गोकुलनगर गोठान पहुंचकर वहॉं का सघन रूप से निरीक्षण किया, उन्होने गोठान की समस्त व्यवस्थाओं को सतत रूप से दुरूस्त रखने, गोठान में रखे गए मवेशियों की सतत देखभाल करने एवं भूसा, चारा एवं पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने पम्प हाउस स्थित कम्पोस्ट सेंटर का निरीक्षण किए जाने के साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

यहॉं उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा के आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय द्वारा प्रतिदिन शहर के विभिन्न स्थलों का प्रातः भ्रमण कर निगम के साफ–सफाई कार्यो सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं, निगम की व्यवस्थाओं, निर्माण व विकास कार्यो सहित निगम के विभिन्न कार्यो का नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत दुरूस्तगी के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने अपने प्रातः भ्रमण के दौरान गोकुलनगर में निगम द्वारा संचालित गोठान का निरीक्षण किया एवं वहॉ की व्यवस्थाओं का सघन रूप से जायजा लिया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने गोठान में रखे गए मवेशियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली एवं वहॉ पर मवेशियों के लिए भूसा, चारा, पानी आदि के संबंध में की गई व्यवस्था एवं उनकी उपलब्धता का निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों से कहा कि गोठान की समस्त व्यवस्थाएं निरंतर चुस्त–दुरूस्त रखें तथा गोठान में रखे गए मवेशियों की सतत रूप से देखभाल सुनिश्चित कराएं। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि गोठान में मवेशियों के लिए भूसा, चारा व पानी की पर्याप्त व्यवस्था बनी रहें, समय–समय पर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

**कम्पोस्ट सेंटर का किया निरीक्षण** – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पम्प हाउस कालोनी के समीप नहर के किनारे कम्पोस्ट सेंटर संचालित किया जा रहा है, जहॉ पर शहर से उत्सर्जित गीले कचरे से खाद का निर्माण किया जाता है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज उक्त कम्पोस्ट सेंटर का भी निरीक्षण किया एवं वहॉ की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होने सेंटर में स्थित कम्पोस्ट शेड में खाद बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए सेंटर की साफ–सफाई व अन्य व्यवस्थाओं की दुरूस्तगी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

**सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने भ्रमण के दौरान कोसाबाड़ी, निहारिका, घंटाघर, बुधवारी, सी.एस.ई.बी.चौक, पम्प हाउस कालोनी, व्ही.आई.पी.रोड सहित अन्य विभिन्न स्थलों के साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, सफाई कार्य में संलग्न स्वच्छता कामगारों से उनके कार्य स्थल एवं कार्यो की जानकारी ली। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि साफ–सफाई कार्यो में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए एवं निर्धारित मानदण्डो के अनुरूप नियमित रूप से सफाई कार्य किए जाएं, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कार्य के दौरान एकत्रित कचरे का स्थल से तुरंत उठाव व परिवहन का कार्य त्वरित रूप से हो एवं ज्यादा समय तक स्थल पर कचरा डम्प न रहें।

भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, गोयल सिंह विमल, लीलाधर पटेल, सोमनाथ डेहरे, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा, सचीन्द्र थवाईत आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।